
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**29 अगस्त 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

खेल में समर्पण और निरंतर

प्रयास सच्ची उपलब्धि लाते हैं।

**मेजर ध्यानचंद**

( हॉकी के जादूगर )

जन्म : 29 अगस्त 1905 मृत्यु : 03 दिसम्बर 1979



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त




भारत में हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य खेलों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और देश के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना है। राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन किया जाता है। यह मंत्रालय इस दिन विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रमों का आयोजन करता है और अधीनस्थ संस्थाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए निर्देशित भी करता है। राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन ही खेल क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पुरस्कारों की घोषणा भी की जाती है। ये खेल पुरस्कार उन खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने किसी खेल में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया हो या किसी खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर उभारा हो। 2012 में, भारत सरकार ने मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। मेजर ध्यानचंद भारत के महानतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक थे। उन्होंने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था। मेजर ध्यानचंद को "हॉकी का जादूगर" भी कहा जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि यह हमें खेलों के महत्व के बारे में याद दिलाता है। खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। वे हमें स्वस्थ रहते हैं, मानसिक तनाव को कम करते हैं, और हमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। खेल हमें टीम वर्क, नेतृत्व, और अनुशासन के मूल्यों को भी सिखाते हैं। ये मूल्य जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य देश के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना है। खेल युवाओं को स्वस्थ रहने और जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद कर सकते हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। इन कार्यक्रमों में खेल पुरस्कारों का वितरण, खेल प्रदर्शनियाँ, और खेलकूद प्रतियोगिताएँ शामिल हैं।




**मेजर ध्यान चन्द** *Major Dhyan Chand*; जन्म: 29 अगस्त, 1905, इलाहाबाद; मृत्यु: 3 दिसंबर, 1979, नई दिल्ली) भारतीय हॉकी खिलाड़ी थे, जिनकी गिनती श्रेष्ठतम कालजयी खिलाड़ियों में होती है। मानना होगा कि हॉकी के खेल में ध्यान चन्द ने लोकप्रियता का जो कीर्त्तिमान स्थापित किया, उसके आसपास भी आज तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुँच सका। मेजर ध्यान चन्द रात में भी बहुत अभ्यास करते थे, इसलिए उन्हें उनके साथी खिलाड़ियों द्वारा उपनाम 'चांद' दिया गया।

# बेकिंग सोडा

## अम्ल, क्षार और लवण

विषय – विज्ञान कक्षा 10

- सामान्य नाम : खाने वाला सोडा
- रासायनिक नाम : सोडियम बाई कार्बोनेट
- रासायनिक सूत्र : $NaHCO_3$

## निर्माण विधि :

- बेकिंग सोडा को बनाने में मूल रूप से सोडियम क्लोराइड का उपयोग किया जाता है।

$$NaCl + H_2O + CO_2 + NH_3 \longrightarrow NH_4Cl + NaHCO_3$$

सोडियम बाइकार्बोनेट

- सोडियम बाईकार्बोनेट एक दुर्बल असंक्षारक क्षारीय लवण है। खाना पकाते समय इसे गर्म करने पर यह निम्न अभिक्रिया होती है।

$$2NaHCO_3 \xrightarrow{Heat} Na_2CO_3 + H_2O + CO_2$$

## उपयोग :

1. बेकिंग पाउडर के निर्माण में
2. सोडा अम्ल अग्निशामक के रूप में
3. एंटासिड के रूप में

बेकिंग पाउडर सोडियम बाईकार्बोनेट एवं टार्टरिक अम्ल जैसे मंद खाद्य अम्ल का मिश्रण है।

# MATH TLM

Class-6to8

15

## अपवर्तक(गुणनखंड) Factor

किसी संख्या का विभाजक उस संख्या का अपवर्तक अथवा गुणनखंड (factor) कहलाता है।

जैसे - $16=8\times2$

$4\times4$

$16\times1$

16 के अपवर्तक हैं-

1,2,4,8,16

- प्रत्येक प्राकृत संख्या का एक गुणनखंड 1 है।
- कोई भी प्राकृत संख्या स्वयं का एक गुणनखंड है।
- प्रत्येक संख्या का कम से कम दो गुणनखंड होता है -1 और वह संख्या स्वयं।
- सिर्फ 1 ही ऐसी संख्या है जिसका सिर्फ एक गुणनखंड है -स्वंय 1

# TOB खेल कॉर्नर



ICC वनडे

## बैटर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| 1 | शुभमन गिल (IND) | 784 |
| 2 | रोहित शर्मा (IND) | 756 |
| 3 | बाबर आजम (PAK) | 739 |
| 4 | विराट कोहली (IND) | 736 |
| 5 | डैरिल मिचेल (NZ) | 720 |
| 6 | चरिथ असलंका (SL) | 719 |
| 7 | हैरी टेक्टर (IRE) | 708 |
| 8 | श्रेयस अय्यर (IND) | 704 |
| 9 | शाई होप (WI) | 699 |
| 10 | इब्राहिम जादरान (AFG) | 676 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द 29.08.2025

## राष्ट्रीय खेल दिवस

भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल **29** अगस्त को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत **29** अगस्त **2012** को हुई । यह दिन हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर मनाया जाता है, जिन्हें "हॉकी का जादूगर" कहा जाता है. राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य भारत में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों के योगदान को सम्मानित करना है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### खीरा



मुझमें vit.A,B,C,K, प्रोटीन, फाइबर, कार्ब्स, मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

Anu priya

Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings.

Bare



नंगा

Bear



भालू

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान


## खेल दिवस

# हॉकी का हीरो

मेजर ध्यानचंद सिंह का जन्म **29 अगस्त 1905** में **इलाहाबाद** में हुआ था।

हॉकी में महारत के चलते **तानाशाह रुडोल्फ हिटलर** भी उनका मुरीद था और उसने मेजर से जर्मनी के लिए खेलने की पेशकश की थी

अंतर्राष्ट्रीय मैचों में **400** से ज्यादा गोल दागने वाले ध्यान चंद के जन्मदिन को **"राष्ट्रीय खेल दिवस"** के तौर पर मनाया जाता है



# पद्य पंकज

"

सुन्दरता का आलोक-श्रोत
है फूट पड़ा मेरे मन में,
जिससे नव जीवन का प्रभात
होगा फिर जग के आंगन में!
मेरा स्वर होगा जग का स्वर,
मेरे विचार जग के विचार,
मेरे मानस का स्वर्ग-लोक
उतरेगा भू पर नयी बार!

---

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org




www.teachersofbihar.org